Roll No. ......................

# MASL–203

सिद्धान्तकौमुदी कारक एवं समास प्रकरण

एम. ए. संस्कृत (एमएएसएल–12/16)

द्वितीय वर्ष, परीक्षा, 2017

समय : 3 घंटा पूर्णांक : 60

नोट : यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## खण्ड–क

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. निम्नलिखित सूत्रों की सोदाहरण व्याख्या कीजिये—
   (क) कर्मणि द्वितीया
   (ख) येनांगविकारः
   (ग) भीत्रार्थानां भय हेतुः

2. निम्नलिखित प्रयोगों की सूत्रनिर्देशपर्वूक सिद्धि कीजिये—
   (क) बलिं याचते वसुधाम्।
   (ख) सर्वतः कृष्णम्।
   (ग) अक्ष्णा काणः।

3. “पञ्चमी भयेन” इस सूत्र की सोदाहरण व्याख्या कीजिये।
4. “परितः कृष्णम्” तथा “निकषा लङ्काम्” प्रयोगों की सूत्रनिर्देश-पूर्वक सिद्धि कीजिये।

खण्ड–ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड ‘ख’ में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. ‘कालाध्वनोरत्यन्त संयोगे’ सूत्र की व्याख्या कीजिये।
2. “अपवर्गे तृतीया” सूत्र की सोदाहरण व्याख्या कीजिये।
3. “हरये रोचते भक्तिः” की सिद्धिप्रक्रिया समझाकर इससे सम्बन्धित सूत्र का प्रयोजन लिखिए।
4. “धुव्रमपायेऽपादानम्” सूत्र की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।
5. “सप्तम्यधिकरणे च” की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।
6. “दुःखातीतः” की सूत्रनिर्देशपूर्वक सिद्धि कीजिये।
7. “कृष्णाश्रितः” प्रयोग की सूत्रनिर्देशपूर्वक सिद्धि कीजिये।
8. “शाक पार्थिवः” इस प्रयोग की सूत्रनिर्देशपूर्वक सिद्धि कीजिये।

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड ‘ग’ में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

निम्नलिखित के एक शब्द में उत्तर दीजिये।

1. कारक के कितने भेद हैं ?
2. ‘साधकतमं करणम्’ किस विभक्ति का सूत्र है ?

3. "दान" के योग में कौन-सी विभक्ति होती है ?
4. 'समास' कितने प्रकार के होते हैं ?
5. 'चोरभयम्' कौन सा समास है ?
6. कर्म का क्या लक्षण है ?
7. 'राजपुरुषः' में किस समास का प्रयोग किया गया है ?
8. द्विगु समास का क्या लक्षण है ?
9. 'हरिणा त्रातः' किस सूत्र का उदाहरण है ?
10. बहुब्रीहि समास का क्या लक्षण है ?